होली खेले श्याम के संग में | by Priyanka Sonkar

फागण की मस्ती में झूमे श्याम दीवाना मेरा मन
रंगो की वर्षा होगी तो रंग जाएगा सारा तन
होली खेले खेले होली, होली खेले हो हो होली श्याम के संग में

श्याम से कह देना सब मिलके आज ना कोई चाल चले
जी भर के फिर रंग लगाना हो जाए नीले पीले
छेड़ छाड़ करले जी भर के मौका है रे ये पावन
नाच रहा है सांवरिया और बाज रहे हैं ढोल और चंग
होली खेले खेले होली, होली खेले हो हो होली श्याम के संग में

श्याम रंगीला पूरा रंग में आज तो हमको लागे है
सबके संग में होली खेले झूम झूम के नाचे है
एक जैसा होली में लगता खाटू और वृन्दावन
रोक ना पायेगा टीटू जब चढ़ जाए भक्ति का रंग
होली खेले खेले होली, होली खेले हो हो होली श्याम के संग में

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%b9%e0%a5%8b%e0%a4%b2%e0%a5%80-%e0%a4%96%e0%a5%87%e0%a4%b2%e0%a5%87-%e0%a4%b6%e0%a5%8d%e0%a4%af%e0%a4%be%e0%a4%ae-%e0%a4%95%e0%a5%87-%e0%a4%b8%e0%a4%82%e0%a4%97-%e0%a4%ae%e0%a5%87%e0%a4%82-by/